Revamping of PSUs

796. SHRI RAHASBIHARI BARIK: Will the MINISTER OF INDUSTRY be pleased to state:

(a) whether there is a need to revamp and restructure the public sector units;

(b) whether there is also a need to revive the sick PSUs; and

(c) if so, the details of steps proposed to be taken by Government in that direction?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INDUSTRY (DR. C. SILVERA): (a) and (b): Yes, Sir.

(c) The steps for restructuring and revival of the sick public sector undertakings are taken by the Govt. on a case to case basis in accordance with the Policy spelt out in the Industrial Policy Statement of July, 1991.

रिलायंस औद्योगिक समूह कर्मचारी संघ से ज्ञापन

797. **श्री गोविन्दराम मिरी:** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को रिलायंस औद्योगिक समूह कर्मचारी संघ से कोई ज्ञापन प्राप्त हुआ है जिसमें दिल्ली कार्यालय के कुछ वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा किए गए भ्रष्टाचार के विभिन्न मामलों और कुप्रबन्ध की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की गई है;

(ख) यदि हां, तो संघ द्वारा उल्लिखित शिकायतों/अनियमितताओं का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या उपर्युक्त शिकायत के आधार पर कोई जांच की गई है;

(घ) यदि हां, आज तक इसके क्या परिणाम निकले हैं; और

(ङ) दोषी अधिकारियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई है?

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती मारग्रेट आल्वा): (क) जी, नहीं। कार्मिक व प्रशिक्षण विभाग को रिलायंस औद्योगिक समूह कर्मचारी संघ से कोई ज्ञापन नहीं प्राप्त हुआ है।

(ख) से (ङ): प्रश्न नहीं उठता।

Demolition of Hotels Being Planned by ITDC

798. SHRI V. GOPALSAMY: Will the Minister of URBAN AFFAIRS & EMPLOYMENT be pleased to state:

(a) whether the land on which Lodhi, Ranjit and Janpath hotels are situated, belongs to ITDC or CPWD;

(b) whether it is a fact that ITDC management is planning to demolish these hotels; if so, whether CPWD has given permission to ITDC management to demolish the hotels; and

(c) whether there is any agreement between ITDC and CPWD to this effect; if so, when it was executed and also the clauses of the agreement?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF URBAN AFFAIRS AND EMPLOYMENT (DEPTT. OF URBAN EMPLOYMENT AND POVERTY ALLEVIATION) (SHRI S.S. AHLUWALIA): (a) The land on which Lodhi and Janpath Hotels are situated has been transferred in 1993 to Deptt. of Tourism. The ownership of land underneath Ranjit Hotel is still with Ministry of Urban Affairs & Employment (Deptt. of Urban Development).

(b) and (c) The terms of transfer stipulate that the Department of Tourism shall utilize the land in conformity with requirements of the concerned local and statutory bodies with reference to building by-laws, etc.

ITDC is planning to reconstruct these hotels.

रेलगाड़ियों का पटरियों से उतरना

799. **श्री चिमनभाई हरिभाई शुक्ल:** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत तीन वर्षों में पश्चिम रेलवे के अंतर्गत हुई कुल रेल दुर्घटनाओं में रेलगाड़ियों के पटरी से उतर जाने की घटनाओं का प्रतिशत कितना है;

(ख) चालू वर्ष के प्रथम आठ महीनों में रेलगाड़ियों के पटरी से उतरने की घटनाओं की औसत माह-वार संख्या कितनी है;

(ग) उक्त रेलगाड़ियों के पटरी से उतर जाने के क्या कारण हैं; और

(घ) रेलगाड़ियों के पटरी से उतरने की घटनाओं को कम करने के लिए सरकार ने क्या कदम उठाए हैं?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुरेश कलमाडी): (क) गत तीन वर्षों के दौरान पश्चिम रेलवे पर हुई गाड़ी दुर्घटनाओं के परिणामस्वरूप रेलगाड़ी के पटरी से उतरने की 70% घटनाएं हुई।

(ख) अप्रैल-नवम्बर, 1995 की अवधि के दौरान रेल गाड़ियों के पटरी से उतरने की घटनाओं की औसत संख्या प्रतिमाह 2.4 थी।

(ग) रेलगाड़ियों के पटरी से उतरने के मुख्य कारण मानव और उपस्कर विफलताएं, आकस्मिक कारक, आदि होते हैं।

(घ) भारतीय रेलों पर रेलगाड़ियों के पटरी से उतरने की घटनाओं को रोकने के लिए उठाए गए कदमों में निम्नलिखित शामिल हैं:—

(i) भारी पटरियों और कंक्रीट स्लीपरों का उपयोग करके रेलपथ अवसंरचना में सुधार करना।

(ii) अनुरक्षण में सुधार करने के लिए और परिसंपत्तियों की बेहतर विश्वसनीयता के लिए फिश प्लेटों के जुड़नारो को हटाया जा रहा है तथा लम्बे झले हुए पटरी पेनलों पर रनिंग रेलपथ बिछाया जा रहा है।

(iii) विभिन्न खंडों में रेलपथ नवीकरणों को बढ़ाना तथा मिट्टी संबंधी कमियों को दूर करना।

(iv) रेल पटरियों में छिपी हुई दरारों का पराश्रव्य दोष संसूचकों का उपयोग करके पता लगाना।

(v) चल स्टाक की नेगी ओवर हालिंग (आर०ओ०एच०) करने के लिए अव-संरचना का उन्नयन तथा संवर्धन करना तथा सवारी और मालडिब्बों के लिए अनुरक्षण सुविधाओं का मानकीकरण करना।

(vi) निरंतर संरक्षा अभियान चलाना। 10 वर्ष से कम की सक्रिया चालन सेवा वाले लगभग 17,000 ड्राइवरों और 40,000 स्टेशन कर्मचारियों की विशेष स्क्रीनिंग की गई है और जिनमें कमी पाई गई है उन्हें त्वरित प्रशिक्षण दिया गया है।

(vii) संवेदनशील और भेद्य खंडों में गश्त में तेजी लाना।

(viii) धीरे-धीरे चौपहिए मालडिब्बों को हटाया जा रहा है और इनके स्थान पर बोगी स्टाक को लगाया जा रहा है।

नई दिल्ली के मन्दिर मार्ग स्थित एन०डी०एम०सी० वर्कशॉप परिसर में निर्माणों का गिराया जाना

800. **श्री अनन्तराम जयसवाल:** क्या शहरी कार्य और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या प्रधान मंत्री के आगमन की सूचना प्रसारित कर, नई दिल्ली के मन्दिर मार्ग पर स्थित नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् परिसर में बने सभी मकानों को गिराकर अन्यत्र स्थानान्तरित करने का आदेश दिया गया था;

(ख) यदि हां, तो इस प्रकार का आदेश दिए जाने का क्या उद्देश्य था इन मकानों को गिराने में सरकार ने कितनी राशि खर्च की;

(ग) क्या उक्त भूमि की उपयोगिता तय करने के लिए दिल्ली के उपायुक्त के नेतृत्व में कोई समिति गठित की गई थी और क्या सरकार को उक्त समिति के निर्णय से अवगत कराया गया था; और

(घ) यदि हां, तो इस मामले में क्या निर्णय लिया गया?

शहरी कार्य और रोजगार मंत्रालय (शहरी रोजगार और गरीबी उन्मूलन विभाग) में राज्य मंत्री (श्री एस०एस० अहलुवालिया): (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) और (घ) नई दिल्ली नगर परिषद ने बताया है कि 1.8 एकड़ भूमि पर ऑटो-वर्कशॉप का कब्जा है और आटो वर्कशाप कार्यों को स्थानान्तरित करने के लिए वैकल्पिक स्थलों को सुझाव देने हेतु उप-आयुक्त दिल्ली की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई थी समिति ने अपनी रिपोर्ट दे दी है और ऑटो वर्क-शाप कार्यों को स्थानान्तरित करने के लिए सराय काले खॉ में भूमि